हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

12 प्रशासन के आश्वासन पर रुका गतिरोध 7वें दिन...



11 आंधी से टूटे तार, झुके पोल, रातभर पेड़ों पर चढ़े






## खबर संक्षेप

### रुपये ट्रांसफर करवाने में महिला सहित दो काबू

**भिवानी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अपहरण कर जबरन रुपये ट्रांसफर करवाने के मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय निवासी नारनौंद ने थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी बातचीत निकिता नामक महिला से होती थी। 25 अप्रैल को निकिता ने उसे बस स्टैंड भिवानी बुलाया। वहां से वह उसके साथ गाड़ी में बैठकर शहर में घूमने के बाद वापस बस स्टैंड पहुंचे। इसी दौरान निकिता का पति दीपक तथा उसका साथी सचिन गाड़ी में आए और जबरदस्ती ले गए। आरोपी उसे गांव ढाणी लक्ष्मण ले गए, जहां जान से मारने की धमकी देकर उससे 1,19,000 रुपए जबरन ट्रांसफर करवा लिए।

### क्रिकेट टीम अंडर-16 व 19 वर्ग ट्रायल 1 को

**चरखी दादरी।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन भिवानी द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-16, 19, 23 व सीनियर वर्ग अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 के लिए चरखी दादरी जिला की टीम का चयन किया जाएगा। अंडर-16 व अंडर-19 वर्ग लड़कों के लिए 1 मई सुबह 7 बजे व अंडर-23 व सीनियर वर्ग के लड़कों के लिए 2 मई को सुबह 7 बजे खिलाड़ी चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम लाहली में रिपोर्ट करें।

### दस दिन का बचा है पानी का स्टॉक, फिर ट्यूबवेल या होगी सप्लाई की राशनिंग

# टैंकों में दिखने लगी गाद, पानी के लिए अफसरों के चक्कर काट रहे नगरवासी

- जलघरों के बड़ा पुराना टैंक में आधे से ज्यादा शिल्ट जमी हुई
- जिस वजह से इस टैंक का पानी जवाब दे गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शहर स्थित जलघरों की गाद जमा होने की वजह से क्षमता आधी से भी कम रह गई है। थोड़े पानी में ही जलघरों के टैंक लबालब हो जाते है। थोड़ी सी पानी की सप्लाई चलने के बाद फिर उनमें गाद नजर आने लगती है। ऐसा ही नजारा पुराने जलघर का बना हुआ है। उक्त जलघरों के बड़ा पुराना टैंक में आधे से ज्यादा शिल्ट जमी हुई है। जिस वजह से इस टैंक का पानी जवाब दे गया। फिलहाल इस टैंक में दूर दूर तक गाद ही नजर आने लगी। बल्कि टैंक में गाद सूखने के बाद उसमें हरियाली नजर आने लगी है। यहां के अन्य टैंकों में बड़ी मुश्किल से आठ से दस दिनों का पानी ही बचा है। हालांकि शहर बाहरी इलाके में बने जलघर तथा गांव निनान में बने जलघरों में करीब डेढ सप्ताह के पानी का स्टाक है। अगर बीच में नहरों में थोड़ा बहुत पानी नहीं आया तो जल्द ही शहर के लोगों को दी जाने वाली पानी की सप्लाई की राशनिंग करनी पड़ सकती है। हालांकि पूराना जलघर के अलावा डाबर तथा निनान स्थित जलघर में पीने के पानी के लिए टयूबवैल लगाए गए है। ज्यादा जरूरत होने पर इन टयूबवैलों के जरिए ही पानी की सप्लाई दी जाती है। इनका पानी ज्यादा बढियां नहीं है,लेकिन उसके बावजूद घरों में अन्य कार्य के लिए इस पानी का उपयोग किया जा सकता है। यहां यह बताते चले कि अभी नहरों में पानी पहुंचने में करीब दो सप्ताह का समय है। अगर इतने दिनों में पानी पहुंचेगा तो पीने के पानी का संकट बनना लाजिमी है।



भिवानी। एक जलघर में बचे पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। शहर के बीच बने जलघर के बड़े टैंक में निकली गाद का दृश्य।

### क्या कहते है एसडीओ

पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ परमिंद्र ने बताया कि अब जल्द ही नहरों से जलघरों तक ज्यादा पानी लाने की दिशा में काम किया जा रहा है। जल्द ही मिताथल हैड पर पैम्पों की क्षमता बढवाई जाएगी। जिसके टेंडर लगाए जा चुके है। अब तक नहरों से जलघरों तक मांग के अनुरूप पानी नहीं पहुंच पाता था। अब इस समस्या से जल्द ही छुटकारा मिल जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि अभी पानी बचा है। अगर पानी की कमी होगी तो वे टयूबवैलों का मिक्स करके पानी की सप्लाई देंगे। ताकि लोगों को पानी के लिए परेशानी न उठानी पड़े।

### सप्लाई कम, डिमांड ज्यादा

गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू करने के बाद एकदम पानी की डिमांड बढ गई है। हालांकि पब्लिक हेल्थ उसी शेडयूल से पानी की सप्लाई कर रहा है,लेकिन गर्मी के हिसाब से पानी की सप्लाई लोगों के लिए कम पड़ रही। डिमांड बढने से गली मोहलों के अंतिम छोर तक पानी पूरा नहीं पहुंच रहा है। कई कॉलोनी तो ऐसी है,जिनके अंतिम छोर पर सप्ताह भर से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसी वजह से बीते दिवस हनुमान ढाणी के लोगों ने रोड जाम करके मटका फोड़ प्रदर्शन किया था।

### इस प्रकार है पेयजल व्यवस्था

शहर पेयजल कनेक्शन लगभग-34000
डाबर जल घर टैंकों की पानी स्टोर क्षमता-18 एमएलडी
निनाण जल घर टैंकों की पानी स्टोर की क्षमता-19 एमएलडी
पुराना जलघर के टैंकों की क्षमता-16 एमएलडी



तोशाम। 28 बीडब्ल्यूएन :5 : किरावड़ के जलघर का सूखा टैंक का दृश्य।

## गांव किरावड में पेयजल संकट गहराया, जलघर के टैंक खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

गांव किरावड में पिछले क़रीबन 15 दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। ग्रामीणों को टैंकरो के माध्यम से पानी डलवाना पड़ रहा है। अगले क़रीबन 10 दिन बाद नहरों में पानी आएगा। जिसके बाद टैंकों में डाला जाएगा। जलघर के टैंक खाली पड़े हैं जिसके कारण गांव में पेयजल सप्लाई नहीं हो रहा है। किरावड गांव में पिछले क़रीबन 15 दिन से पेयजल संकट गहराया हुआ है। ग्रामीण पेयजल को लेकर बहुत ज्यादा परेशान हैं। पानी के लिए टैंकर का इंतजार करते हुई ग्रामीण राहुल ने बताया कि करीब 15 दिन से गांव में सप्लाई का पानी नहीं आ रहा है। जिसके कारण उन्हें टैंकरो का इंतज़ार करना पड़ रहा है। गांव की इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों को पानी टैंकरों के माध्यम से मोल लेना पड़ रहा है।

## पीने का पानी नहीं मिलने से खफा नगरवासियों ने किया प्रदर्शन

**भिवानी।** जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में विद्या नगर व कीर्ति नगर के नागरिकों ने पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी की आपूर्ति नहीं होने से खफा होकर मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ उनके कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया तथा अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा व कार्यकारी अभियंता कपिल वर्मा ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि खराब मोटरें ठीक करवाकर सायंकाल तक पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। जनसंघर्ष समिति के नेता सुखदेव पालवास, किसान नेत्री संतोष देशवाल, विद्या नगर निवासी हरभगवान रहेजा, सुरेश भारद्वाज, पूर्व प्राचार्य दिलबाग सिंह ग्रेवाल व किसान नेता बलबीर सिंह बजाड़ ने अधिकारियों को बताया कि आए दिन विभाग की मोटरें खराब हो जाती हैं और विभाग के अधिकारी नागरिकों के फोन भी नहीं उठाते हैं। प्रदर्शन में शामिल होने वालों में रिटायर्ड कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव रतनकुमार जिंदल, दीनानाथ महता, पूर्व अधीक्षक सुमेर सांगवान, पूर्व पार्षद ईश्वर मान, समाजसेवी व दलित नेता राजेंद्र धानक, पूर्व पुलिस इंसपेक्टर मनफूल सिंह, सुखबीर सांगवान, कर्नल दलाल की मैडम दलाल, सुरेन्द्र दलाल, अनिल सांगवान, महाबीर फौजी, प्रीत सिंह धनाना व जगदीश फौजी सहित कई कालोनीवासी शामिल रहे। पब्लिक हेल्थ के एसडीओ प्रमिंद्र ने बताया कि विद्यानगर में दो से तीन दिनों से पानी की समस्या बनी है। आज शाम तक ठीक हो जाएगी।




भिवानी। पानी की मांग को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

## किसानों की सहमति से लगेंगे खेतों में बिजली के टॉवर: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधिकारी, किसानों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने की बात कही। एसडीएम संदीप कुमार, नायब तहसीलदार अशोक कुमार व केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधिकारी की उपस्थिति में गांव बागनवाला, दरियापुर, गारनपुरा कलां, मीरान, सागवान, डाड़म व पिंजोखरा के जनप्रतिनिधियो के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अन्य प्रशासनिक, राजस्व, बिजली कंपनी के अधिकारी और किसान व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एसडीएम संदीप ने बताया कि सरकार किसानों के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी। प्रशासन का प्रयास है कि किसानों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए, ये पावर ग्रिड लाइन सिवानी से सोनीपत तक जाएगी, जिसमें तोशाम उपमंडल के 13 गांव भेरा, मिरान, दरियापुर, छप्पार जोगियान, छप्पार रांगडान, पिंजोखरा, डाडम, बागनवाला, तोशाम, अलखपुरा, सागवन और भूरटाना गांव के खेतों से होकर बिजली लाइन गुजरेगी। उन्होंने बताया कि भूमि की कीमत तय करने वाली तीन सर्वे एर्जेसियां निर्धारित की है, जिनमें गांव स्तर पर जमीनों के रेट तय करने के लिए किसानों की तरफ से प्रशासन की तरफ से और बिजली कंपनी की तरफ से नियुक्त की गई है।



भिवानी। बैठक में किसानों से बातचीत करते एसडीएम संदीप कुमार।

## 24 घंटे बीते, जिंदा जले लोगों की शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

मिलकपुर गांव में सोमवार शाम को निजी बस में आग लगने से दो लोग जिंदा जल गए थे, इस हादसे को 24 घंटे से अधिक का समय बीत गया,लेकिन पुलिस अभी तक मृतकों की पहचान नहीं करवा पाई है। पुलिस इस मामले में कल देर रात से ही शिनाख्त के लिए जी जान से जुटी है। दूसरी तरफ बवानीखेड़ा में तैनात सीआईडी एएसआई सुनील कुमार रात से गायब है। उनकी लोकेशन हादसे वाली जगह तक पहुंच रही है,लेकिन उसके बाद कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। सीआईडी अधिकारी के घर न पहुंचने की वजह से कोहराम मचा हुआ है। परिजन उसकी तलाश में भी जुटे है। साथ ही पुलिस से भी सम्पर्क साध रहे है। पर समाचार लिखे जाने तक दोनों की पहचान नहीं हो पाई थी। उल्लेखनीय है कि बीती शाम गांव मिलकपुर के पास एक निजी बस में आग लगने से 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। साथ ही उसमें दो लोग जिंदा जल गए। फायर बिग्रेड के दस्ते पहुंचने के बाद आग की लपटें शांत हुई। तब जाकर बस जले लोगों के बुरी तरह से झुलसी हालत में शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतकों के शव इस कदर जल चुके हैं कि उनकी शिनाख्त करना नामुमकिन हो गया है। अब पुलिस डीएनए जांच के जरिए पहचान करने में जुटी है।

## किसानों के धरनास्थल के टैंट में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने मुश्किल से बुझाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा अनाजमंडी के सामने संचालित अनिश्चितकालीन धरने के टैंट में दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें देखते ही मंडी में ही खड़ी फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। क्षेत्र के किसान संगठनों द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा वर्ष 2023 के बकाया मुआवजे की मांग को लेकर पिछले नौ माह से अधिक समय से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन संचालित किया जा रहा है और पहले मंडी परिसर के अंदर तो अब गेहूं की आवक के कारण कस्बे की अनाजमंडी के सामने धरना चल रहा है। मंगलवार दोपहर बाद तक किसानों ने रोष प्रकट किया और सभी पदाधिकारी अपने अपने घर चले गए तो धरनास्थल के टैंट में आग लग गई। सुचना मिलते ही दमकलकर्मियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी में टैंट के अलावा पास रखी भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष भूपसिंह दलाल की बाइक भी जल गई। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने आग की घटना टैंट के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन आपूर्ति लाइन से पैदा हुई चिंगारी को बताया। दलाल ने बताया कि वह शांतिप्रिय तरीके से किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन कुछ लोग जान बूझकर किसानों को परेशान कर रहे हैं।



भिवानी। अनाजमंडी के समक्ष संचालित धरने के टैंट में आग लगने से जली बाइक।

## शहीद नवीन की पुण्यतिथि पर शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान



**भिवानी।** काकड़ौली हुकमी में शहीद नवीन श्योराण की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि।

**बाढ़ड़ा।** उपमंडल के गांव काकड़ौली हुकमी में शहीद नवीन श्योराण की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम देशभक्ति, सम्मान और सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहा। पूरे गांव में उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद के दादा धर्मसिंह ने शहीद की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित की। शहीद की माताजी अनीता ने पुष्प अर्पित कर अपने वीर सपूत को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। संजीव काकड़ौली ने बताया कि गांव के गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। युवाओं में देशभक्ति और समाजसेवा का जज़्बा साफ देखने को मिला, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। शिविर में जजपा अध्यक्ष विजय श्योराण, संदीप, जिला पार्षद सुभाष लाड़ावास, सरपंच कमलेश देवी, पूर्व सरपंच रमेश, पूर्व सरपंच सीताराम शर्मा, ओमधारा, आदि रहे।

### सुकर्म, चरित्र और भक्ति, सफल जीवन के मूल स्तंभ : कंवर महाराज

# अच्छे संस्कारों से ही जीवन में मजबूत होते हैं रिश्ते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर महाराज ने कहा कि मनुष्य के कर्म और गुण स्थायी होते हैं। शरीर नष्ट हो जाता है, पर उसकी प्रकृति और उसके द्वारा किए गए कर्म उसका साथ नहीं छोड़ते। परम संत कंवर साहेब (राधा स्वामी सत्संग दिनोद) 24 अप्रैल से नेपाल व उत्तर-पूर्व भारत की दस दिवसीय सत्संग यात्रा पर हैं। इस दौरान धुलाबारी, दार्जिलिंग, जोरथांग, गंगटोक व सिलीगुड़ी आश्रम में सत्संग आयोजित हो रहे हैं। कल गंगटोक शाखा में हजूर महाराज ने यह ऊपर वर्णित सत्संग फरमाया। मनुष्य भ्रम की नींद में सोया रहता है और इस संसार को ही सत्य मान बैठता है। वह खान-पान और दुनियादारी में इतना उलझ जाता है कि प्रभु को याद करने का समय नहीं निकाल पाता। जबकि यह जीवन अत्यंत अनमोल है, प्रत्येक क्षण की कीमत अनगिनत धन से भी अधिक है। संतों का उद्देश्य मनुष्य को इस गहरी नींद से जगाना है। केवल सोना ही नींद नहीं है, बल्कि जब मनुष्य प्रभु से विमुख हो जाता है, तब वह वास्तव में नींद अवस्था में होता है। कंवर महाराज ने कहा कि माया का प्रभाव मनुष्य को भ्रमित कर देता है। अधिक धन और ऐश्वर्य मिलने पर मनुष्य अपने कर्तव्यों और प्रभु को भूल जाता है और अहंकार करने लगता है, जबकि सच्ची भक्ति में अहंकार का स्थान नहीं है। सच्ची कमाई वही है जो ईमानदारी और परिश्रम से प्राप्त हो। बेईमानी से कमाया गया धन मनुष्य के विचारों को दूषित करता है, जबकि सच्चे परिश्रम से कमाया गया धन पवित्र होता है। हिंसा, नशा और बुरे आचरण मनुष्य को पतन की ओर ले जाते हैं। जो जीवों को कष्ट देता है, वह कभी सुखी नहीं रह सकता। नशा मनुष्य की बुद्धि को नष्ट कर देता है और उसे अपने कर्तव्यों से भटका देता है। इसलिए चरित्र का उच्च होना अत्यंत आवश्यक है। इंसान का चरित्र ऊँचा होना चाहिए।

### आंतरिक शुद्धता और सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करें



आज समस्या यह है कि माता-पिता को अपने ही बच्चों की संगति और चरित्र का पता नहीं; पहले फैसले संस्कार और समझ से होते थे, आज अधूरी समझ से हो रहे हैं। कमी बच्चों में नहीं, परवरिश में है—स्वतंत्रता दी, पर दिशा नहीं दी। गलत संगति बच्चे को घर से दूर कर देती है और अंत में रिश्ते टूट जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि सच्चे संस्कार, चरित्र और सही मार्गदर्शन दिया जाए—क्योंकि जहां संस्कार नहीं, वहां न शांति है, न भक्ति, न स्थिर जीवन। सच्ची भक्ति केवल बाहरी आडंबर नहीं है, बल्कि यह आंतरिक शुद्धता और सच्चे मन से प्रभु का स्मरण है। नाम का सच्चा अभ्यास तभी संभव है जब मनुष्य अपने दोषों को दूर करे और अच्छे गुणों को अपनाए। जब मन शांत और पवित्र होता है, तब ध्यान में आनंद की अनुभूति होती है और मन स्वतः प्रभु में लगने लगता है। मन अत्यंत चंचल है, उसे नियंत्रित करना कठिन है, लेकिन अभ्यास और सत्संग से इसे स्थिर किया जा सकता है। मनुष्य को धीरे-धीरे अपनी इच्छाओं और तृष्णाओं को त्यागकर प्रभु के नाम में लगना चाहिए। संसार की वस्तुएं क्षणिक हैं, जबकि नाम की कमाई स्थायी है और कभी समाप्त नहीं होती।

## ढिगावा अनाजमंडी से मोटरसाइकिल चोरी

**लोहारू।** उपमंडल के गांव ढिगावा की अनाज मंडी परिसर में एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एक युवक मोटरसाइकिल चोरी करके ले जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में कुड़लबास गांव निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह अनाज मंडी के मुख्य दरवाजे के भीतर मोटरसाइकिल खड़ी करके किसी काम से गया था तथा वापिस लौटकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में एक युवक मोटरसाइकिल चोरी करते दिखाई दे रहा है। इसकी सूचना डायल 112 की टीम को भी दी।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

## लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक



अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

## टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

नई दिल्ली। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।



# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रौपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### सैनिकों ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बाढ़ड़ा।** सेना के जवान देश की सरहदों पर रहकर हमारी व देश की सुरक्षा करते हैं, वहीं समाजसेवा के कार्यों में भाग लेकर प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी कड़ी में गांव भांडवा में जोगी पुलिया के पास सैनिक सत्यवीर व उनके भाई सतीश फौजी ने अपनी छुट्टी के दौरान बरगद व पीपल के पौधें लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सैनिक सत्यवीर ने कहा कि सेना केवल देश की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि जब भी समाज सेवा की जरूरत होती है, सैनिक अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हैं।

### गर्मी में पक्षियों के लिए करें पानी की व्यवस्था

**लोहारू।** नेशनल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. पष्मिता चौधरी ने कहा कि निराश्रित पशु पक्षियों के लिए भोजन व जल की व्यवस्था करना भारतीय संस्कृति की पौराणिक परंपरा रही है। वे मंगलवार को स्टाफ के साथ कॉलेज परिसर में पक्षियों के लिए वृक्षों पर सकोरे लगा रहा थी। प्राचार्या डॉ पष्मिता चौधरी ने कहा कि दुनिया ग्लोबल वार्मिंग के दौर से गुजर रही है तथा अप्रैल माह में ही गर्मी के तेवर कड़े हो गए हैं। अभी से जेष्ठ माह जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि अपने अपने घर और प्रतिष्ठानों की छत पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

### बेटियों को किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए : फौगाट

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलां में सांस्कृतिक विभाग की ओर से एक प्रेरणादायक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल सुखदीप सांगवान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीता फोगाट सांगवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि संगीता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में बेटियों को आत्मनिर्भर बनना चाहिए तथा किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

### भजन मंडलियों ने बताई सरकार की योजनाएं

**भिवानी।** महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए जिला में विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की भजन मंडलियां गांव-गांव जाकर लोक गीतों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर रही हैं।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया कि इस अभियान के तहत विभागीय पार्टी द्वारा गांव गांव जाकर महिलाओं एवं ग्रामीणों को जन हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### आग से जली दुकान का किया निरीक्षण

**तोशाम।** गत दिवस तोशाम में घटित हुई बजरंग पंसारी की दुकान में आगजनी की घटना को लेकर मंगलवार को कांग्रेस के ग्रामीण भिवानी जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी तोशाम में घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदार से मुलाकात कर घटना की संपूर्ण जानकारी ली तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है अगर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां समय पर पहुंच जाती तो दुकानदार का कितना नुकसान नहीं होता और समय रहते आग पर काबू पाया जा सकता था।

### संडवा में चलाया दहेज विरोधी अभियान

**भिवानी।** मंगलवार को गांव संडवा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दहेज निषेध के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान खासकर महिलाओं व पुरुषों को इस बुराई को खतम करने का आहवान किया। अभियान के तहत यह भी बताया गया कि इस बुराई को मिटाने के बाद ही एक स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। पंकज सुपरवाइजर ने बताया कि दहेज देना व लेना एक दंडनीय अपराध है।

---

### बवानीखेड़ा में आंधी से बिजली व्यवस्था चरमराई, घंटों की मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल

# आंधी से टूटे तार, झुके पोल, रातभर पेड़ों पर चढ़े रहे बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा व आसपास के क्षेत्र में सोमवार शाम अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के चलते बवानीखेड़ा सहित लोहारी जाटू, मंढ़ाणा, पुर, सिवाड़ा तालू सहित अनेक गांवों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए, पोल झुक गए तथा फीडरों में तकनीकी खराबी आने से ग्रामीणों को लंबे समय तक अंधेरे में रहना पड़ा। मौसम के अचानक बदले मिजाज से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली, जिससे गांवों में पेड़ की टहनियां बिजली लाइनों पर गिर गईं। कुछ स्थानों पर तार आपस में टकराने से स्पार्किंग की घटनाएं भी सामने आईं। आंधी के कारण बिजली गुल होते ही घरों में पंखे, कूलर और अन्य उपकरण बंद हो गए, जिससे उमस भरी गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़ गई। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई, क्योंकि अधिकतर स्थानों पर मोटरें बिजली से संचालित होती हैं। बिजली बाधित होने की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे। विभाग की टीमों ने रात तक अलग-अलग गांवों में पहुंचकर खराब लाइनों की मरम्मत का कार्य शुरू किया। कई स्थानों पर टूटे तारों को बदला गया, जबकि कुछ जगहों पर फॉल्ट ढूंढने में कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। तेज हवाओं के कारण कार्य में भी दिक्कतें आईं, लेकिन कर्मचारियों ने लगातार प्रयास जारी रखे।



बवानीखेड़ा। तेज अंधड़ से बिजली के तारों पर पड़े हरे पेड़ों को हटाते हुए।

#### बिजली कर्मियों की मेहनत लाई रंग

बिजली निगम के एसडीओ राजेन्द्र कुमार ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई जगह तकनीकी खराबी आई थी, जिसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया गया। देर रात तक अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, जबकि कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य जारी रहा। विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई कि यदि कहीं बिजली के तार टूटे हों या पोल क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत विभाग को सूचना दें और उनसे दूर रहें। क्षेत्रवासियों ने बिजली कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत मौसम में भी कर्मचारियों ने लगातार मेहनत कर जल्द बिजली व्यवस्था सुचारू करने का कार्य किया।




तोशाम। बिजली निगम के एसडीओ की अनुपस्थिति में सीए रामअवतार को ज्ञापन सौंपते हुए ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन का प्रतिनिधिमंडल।

### बागनवाला में बिजली की अघोषित कटौती के खिलाफ एआईकेकेएमएस ने सौंपा ज्ञापन

- गर्मी के मौसम में बिजली के अघोषित कटों के कारण बच्चों व बुजुर्गों का जीना हुआ दूभर

**तोशाम।** क्षेत्र के गांव बागनवाला से ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की गांव कमेटी प्रतिनिधिमंडल बागनवाला ने बिजली घर तोशाम पहुंचकर बिजली निगम के सब डिवीजन नंबर दो के एसडीओ की गैरहाजिरी मे सीए रामअवतार शर्मा के माध्यम से प्रदेश के बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन दिया और बिजली सप्लाई सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की। इस मौके पर जिला के उपप्रधान नरसिंह बागनवाला ने बताया कि हमारे गांव बागनवाला में खानक फीडर से बिजली की सप्लाई आ रही हैं, जिसमें पूरे दिन में आठ या दस घंटे बिजली आपूर्ति बड़ी मुश्किल से हो पाती है और उसमें भी बार-बार कट लग रहे है, जिसकारण बुजुर्ग व बच्चों को पूरी रात परेशानी ऊठानी पड़ती है। उ इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में अशोक श्योराण, रामकुमार कटारिया, जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी व इंद्रसिंह फौजी आदि मौजूद रहे।



## बिजली की कमी को लेकर लोगों में भारी रोष, किया प्रदर्शन

- किसान नेता राजू मान बोले- सत्ताधारी मस्त,जनता त्रस्त
- बच्चों और महिलाओं ने की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

बिजली की अनियमित सप्लाई को लेकर एमसी कालोनी में लोगों का गुस्सा आज उबल पड़ा और उन्होंने वेयर हाऊस रोड पर प्रदर्शन करते हुए सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर दो दिन में हालात नहीं सुधरे तो लोग कड़े कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस दौरान बच्चों और महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अगुवाई करते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान ने कहा कि सत्ताधारी सत्ता के नशे में मस्त हैं और जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि बिजली की अनियमित सप्लाई ने लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दी है। साथ में बच्चों की पढ़ाई भी पूरी तरह से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में बार बार शिकायत के बावजूद अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यहाँ तक की लगातार बिजली कटों की शिकायत करने पर संबंधित अधिकारी अपना फोन तक उठाने की जहमत नहीं उठाते या अपना फोन बंद कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि अब सिर पर से पानी फिर गया है इसलिए मज़बूरी में जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर है। इस अवसर पर महेंद्र पहल, धर्मबीर सिंह, अजीत सांगवान, नरेश बुरा, रविन्द्र वशिष्ठ, सतीश, बलवान सिंह, जितेन्द्र सिंह, देवा सिंह, रणसिंह लांबा, प्रकाश श्योराण, सुमेर सिंह, विकास पुनिया, नवीन श्योराण, रणबीर मान, कृष्णा देवी, बिमला देवी, रामरति, सुदेश, शकुंतला, सीमा देवी, आशा देवी, दयावंती, सुनीता सांगवान, रविन्द्र देवी, बिमला लाकड़ा, संजू, सुनीता श्योराण, सरोज वत्स आदि रहे।

#### लोगों ने बताया दर्द

प्रदर्शन में भाग लेने आई सुमित्रा, अनिता, संजू ने कहा कि बिजली की ऐसी किल्लत उन्होंने कभी नहीं देखी। बिजली ना आने से पानी की समस्या से भी लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के हाल में हुए दादरी दौरे के बाद यह संकट ज्यादा गहराया है। उन्होंने कहा कि बिजली ना आने से बच्चों की नींद पूरी नहीं हो रही और बीमार बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गई है।

---

## शिक्षा की मजबूती के लिए ओएमयू

- चौधरी बंसीलाल कॉलेज व हारट्रोन एडवांस स्किल सेंटर के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए हारट्रोन एडवांस स्किल सेंटर के साथ समझौता हुआ। प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चाहल तथा हारट्रोन के निदेशक कुलदीप की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। प्राचार्य डॉ मुकेश चहल ने कहा कि समझौते के बाद कॉलेज छात्र छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा साइंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स एवं रोबोटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल करने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर डॉ. सुखबीर सिंह, डॉ. अजय वशिष्ठ, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. नीलम, डॉ. मंजू, डॉ. बजरंग, डॉ. उमेद जांगड़ा, डॉ. सुजीत, दिनेश व डॉ राजबाला आदि मौजूद रहे।



लोहारू। चौधरी बंसीलाल कॉलेज में एमओयू के बाद प्राचार्य डॉ. मुकेश चहल व कुलदीप सिंह।

#### छात्रों को होगा लाभ

कार्यशालाओं, हैकाथॉन, कोडिंग बूट कैंप तथा शोध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग आधारित अनुभव उपलब्ध कराया जाएगा। प्राचार्य डॉ. चाहल ने कहा कि यह एमओयू विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता, नवाचार तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। हारट्रोन के निदेशक कुलदीप ने कहा कि यह साझेदारी ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और उद्योग जगत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बनेगी।

## आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना के तहत बांटे बॉन्ड

- बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना : सुपरवाइजर प्रगति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा सरकार द्वारा बेटियों के सुरक्षित भविष्य एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना के तहत मंगलवार को ढ़ाग्यान पाना आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उन पात्र परिवारों को एलआईसी के बौंड वितरित किए, जिन्होंने योजना के तहत आवेदन किया था। कार्यक्रम उपायुक्त साहिल गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली और महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



भिवानी। महिलाओं को एलआईसी बौंड वितरित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

#### दी योजना की जानकारी

सुपरवाइजर प्रगति ने बताया कि योजना के तहत सरकार द्वारा 21 हजार रूपये का एलआईसी बौंड दिया जाता है। इस राशि पर सरकार की निर्धारित दरों के अनुसार ब्याज मिलता रहता है, जिससे बेटी के 18 वर्ष का होने तक अच्छी-खासी धनराशि एकत्रित हो जाती है। उन्होंने बताया कि यदि परिवार अनुसूचित जाति वर्ग से है या बीपीएल श्रेणी में आता है तो पहली बेटी के जन्म पर योजना का लाभ मिलता है।

#### आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर प्रगति ने लाभार्थी महिलाओं को एलआईसी बौंड वितरित किए। बौंड पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने सरकार की पहल की सराहना की। सुपरवाइजर प्रगति ने कहा कि सरकार की आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना बेटियों के प्रति समाज की सोच बदलने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। विभाग का प्रयास है कि कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे, ये राशि केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि बेटी की शिक्षा और उसके बेहतर भविष्य की नींव है।

---

## मेधावियों का पुरस्कार देकर किया सम्मान

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, भिवानी में छात्र अभिनंदन एवं पारितोषिक वितरण समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आज डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, भिवानी में छात्र अभिनंदन एवं पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से नौवीं, दसवीं तथा ग्यारहवीं की प्रवीणता सूची में अग्रणी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उनके सम्मान में कनिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। इस कार्यक्रम में हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डी.ए.वी. शताब्दी पब्लिक स्कूल, बहादुरगढ़ के प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने शिरकत की। मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर सम्मानित करने के उपरांत विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के स्वागत में कक्षा छठी की छात्राओं ने कन्नड़ लोकनृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या कुसुम शर्मा जी ने स्वागत भाषण के माध्यम से मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा पाँचवीं की छात्राओं द्वारा मराठी लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए आशीर्वचन प्रदान किए।




भिवानी। मेधावियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### छात्रों ने दीं शानदार प्रस्तुतियां

कार्यक्रम की अन्य प्रस्तुतियों में एलकेजी, यूकेजी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, सप्तम एवं अष्टम कक्षाओं के विद्यार्थियों ने क्रमशः गोवा, कश्मीरी, पंजाबी, केरल, हरियाणवी, बांग्ला, असमिया तथा गरबा लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या कुसुम शर्मा ने कहा कि, "आज जब मैं आप सभी के चेहरों पर यह मुस्कान और गौरव देखती हूँ, तो मुझे विश्वास हो जाता है कि हमारे देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। आपने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

## एचडी स्कूल के निदेशक सम्मानित

- राष्ट्रीय प्रधान मूलचन्द सहरावत ने एचडी स्कूल के निदेशक के शैक्षिक प्रयासों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

सहरावत खाप के राष्ट्रीय प्रधान मूलचन्द सहरावत ने एचडी स्कूल बिरोहड़ के निदेशक बलराज फौगाट को अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया। मैट्रिक परीक्षा परिणाम के टॉपर्स को स्कुल पहुंच कर किया सम्मानित। उनके साथ खाप सहरावत सलाहकार सूरजभान सहरावत, 12 खाप प्रधान कपूर सिंह नम्बरदार बिरोहड़, खाप संयोजक सन्दीप बिरोहड़ पूर्व प्रधान बारह, रामेहर साहब, जगदेव बिरोहड़ पहलवान महीपाल, जेपी. बिरोहड़ आदि रहे।



चरखी दादरी। एचडी स्कूल निदेशक को सम्मानित करते खाप पदाधिकारी।

#### छात्रों को कड़ी मेहनत के लिए किया प्रेरित

विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट की ओर से खाप सहरावत प्रधान को एवं उनके साथ आई समस्त टीम को पगड़ी एवं मोमेन्टों भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय प्रधान खाप सहरावत ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने की सीख देते हुए कहा कि आपका विद्यालय, विद्यालय निदेशक, अभिभावकों, अध्यापकों को मैं बधाई देता हूँ और अगले वर्ष ज्यादा ईनाम लेकर आने की बात कही। मंच संचालन सन्दीप बिरोहड़, ने किया, बारह प्रधान कपूर सिंह ने भी राष्ट्रीय प्रधान एवं समस्त टीम का अभिनन्दन किया। बच्चों के शानदार परिणाम पर ईनाम वितरित किया।

---

### वैश्य कॉलेज में फाइनल वर्ष के छात्रों को फेयरवेल पार्टी में दी शानदार विदाई

# छात्र अमन को मिस्टर पर्सनेलिटी और छात्रा उर्वशी को मिस पर्सनेलिटी चुना

छात्र केशव को मिस्टर फेयरवेल व छात्रा निकिता को मिस फेयरवेल चुना गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के मुख्य सभागार में महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग के यु जी,पी जी एवं मुख्य कालेज के वाणिज्य विभाग के प्रथम वर्ष के विधार्थियों द्वारा सत्र पूरा करने वाले फाइनल वर्ष के विधार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी 'फेयरवेल 2026' का आयोजन आज मंगलवार को किया गया।फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग,वाणिज्य विभागाध्यक्ष पवन गुप्ता,प्राध्यापक सुनील कुमार एवं कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मंच का सफल संचालन छात्रा योगिता एवं कशिश ने किया।



भिवानी। वैश्य कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

#### लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत जरूरी

विद्यार्थियों को संदेश देते हुए प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक सच्चे सहपाठी की अहम भूमिका होती है। अपने साथियों के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना उनके प्रति सम्मान को दर्शाता है, उन्होंने कहा कि छात्र जीवन की यादें सदैव जीवंत रहती हैं। छात्र-छात्राओं को एक दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढना चाहिए। स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग ने कहा कि जिस प्रकार धूप व छांव एक दूसरे के पूरक हैं। उसी प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी के आगमन एवं विदाई पर जो अनुभूति होती है वह सदैव याद रखी जाती हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहकर उन्नति के उच्च शिखर तक पहुंचें।

## खरक खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र में गूंजी दहेज मुक्त समाज की आवाज

- हंसते-खेलते परिवारों को कर्ज के बोझ तले दबा देती है दहेज जैसी सामाजिक बुराई : सविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव खरक खुर्द स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भिवानी के उपायुक्त साहिल गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) वैशाली और डब्ल्यूसीडीपीओ किरण के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को दहेज निषेध अधिनियम 1961 के प्रावधानों से अवगत कराना और इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करना रहा। चर्चा के दौरान बताया गया कि दहेज प्रथा के कारण समाज में कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा जैसी अन्य समस्याएं भी जन्म लेती हैं।

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चरखी, खंड-चरखी दादरी, जिला चरखी दादरी अपने गांव में घर-घर से कूड़ा कर्कट संग्रहण कर अपने वाहन से उठाने के टेंडर के लिए निविदाएं दिनांक 29.04.2026 से 05.05.2026 तक पंचायत कार्यालय महिला चौपाल में आमंत्रित करती है। जो दिनांक 06.05.2026 को प्रातः 10 बजे खोली जाएगी। ठेकेदार ग्राम पंचायत के शर्तनामनुसार कार्य करेगा। इच्छुक ठेकेदार निविदा देकर लाभ उठाएं।

सरपंच- भूपेन्द्र सिंह
ग्राम पंचायत चरखी (चरखी दादरी)
मो. नंबर- 9802402222

### स्थानीय राजकीय वेटनरी पॉलीक्लीनिक के सामने जुटे गोरक्षा दल के पदाधिकारी और सदस्य

# प्रशासन के आश्वासन पर रुका गतिरोध 7वें दिन समाप्त हुआ गोरक्षकों का धरना

**उपनिदेशक ने दिया आश्वासन : रात 8 से सुबह 4 बजे तक तैनात रहेगी इमरजेंसी टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। अधिकारियों के साथ बातचीत करते गोरक्षक। फोटो : हरिभूमि

बेजुबान जीवों की सेवा और डायल 1962 एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली को लेकर पिछले एक सप्ताह से जारी खींचतान आखिरकार मंगलवार को समाप्त हो गई। स्थानीय राजकीय वेटनरी पॉलीक्लीनिक के सामने धरने पर बैठे गौरक्षा दल के सदस्यों ने पशुपालन विभाग के उप निदेशक के ठोस आश्वासन के बाद अपना आंदोलन वापस ले लिया है। बता दे कि गौरक्षा दल भिवानी द्वारा पिछले 7 दिनों से राजकीय वेटनरी पॉलीक्लीनिक के मुख्य द्वार पर धरना दिया जा रहा था। गौरक्षकों का आरोप था कि पशुओं के उपचार के लिए शुरू की गई डायल 1962 एंबुलेंस सेवा सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है और विभाग के अधिकारी ड्यूटी में लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे घायल बेजुबान जीवों को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा रविंद्र सहरावत, डा. सुभाष और डा. हरिओम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने गौरक्षकों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही व्यवस्था सुधारने का वादा किया।

उप निदेशक के आश्वासन के बाद गौरक्षा दल ने जूस पीकर अपना धरना समाप्त किया। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने स्पष्ट किया कि उनका यह कदम व्यवस्था परिवर्तन के लिए था। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी भी अधिकारी से व्यक्तिगत रंजिश पालना नहीं था, बल्कि सोए हुए प्रशासन को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाना था।

रात के समय घायल होने वाले गोवंश के लिए चिकित्सा मिलना मुश्किल हो रहा था। अब जब उप निदेशक ने स्वयं आश्वासन दिया है और रात्रि कालीन टीम तैनात करने का वादा किया है, तो हम अपनी मांगें पूरी होते देख धरना समाप्त कर रहे हैं।

**पशु चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

उपनिदेशक डा. रविंद्र सहरावत ने कहा कि पशु चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में गौरक्षकों को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। हमने निर्णय लिया है कि पॉलीक्लीनिक में आपातकालीन सेवाओं के लिए रात 8 बजे से सुबह 4 बजे तक एक विशेष टीम तैनात रहेगी। हमारी टीम गौरक्षकों के साथ मिलकर पशु सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कुकी परमार, अंकित शर्मा, अमन बॉक्सर, कृष्ण नंदन, पालु, शुभम खात, दीपक, मिथुन, विजयपाल, महिपाल, सूरज, सत्यवान, आदि, मोदी, हिमांशु सहित अन्य गौसेवक मौजूद रहे।

## भूख हड़ताल के दूसरे दिन गूंजा भिवानी, सरकार को दी चेतावनी

■ भूख हड़ताल के बाद अब पूर्ण काम छोड़ हड़ताल की तैयारी

**भिवानी।** प्रदेश के नगर निकायों (नगरपालिका, परिषद और नगर निगम) के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक जंग का ऐलान कर दिया है। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर प्रदेश भर में जारी दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी पूरी आक्रामकता के साथ जारी रही। स्थानीय नगर परिषद कार्यालयों के बाहर कर्मचारियों का भारी जोश और सरकार के प्रति आक्रोश साफ देखने को मिला। इसी कड़ी में भिवानी नगर परिषद कार्यालय के बाहर दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल पर डटे रहे। नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव के नेतृत्व में भिवानी में आयोजित इस क्रमिक भूख हड़ताल में कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का गंभीर आरोप लगाए तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्पष्ट किया कि अब वे केवल खोखले आश्वासनों से संतुष्ट होने वाले नहीं हैं। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने सरकार की मंशा पर कड़े सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार और संघ के बीच कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं, लेकिन मानी गई मांगों को धरातल पर लागू करने के मामले में सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1997 से लेकर 2026 तक सफाई और सीवर कर्मचारियों की कोई पक्की भर्ती नहीं की गई है। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एक वर्ग के साथ किया जा रहा सामाजिक भेदभाव है।


भिवानी। भूख हड़ताल पर बैठे नप कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


चरखी दादरी। रात्रि ठहराव में समस्या सुनते उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

## अफसरों ने मोरवाला में रात्रि ठहराव कर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार सायं गांव मोरवाला में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल व पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान करवाया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्राम पंचायत द्वारा अधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन किया।

**जनसुनवाई से बढ़ा विश्वास समाधान से मिली राहत**

ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित है और इसी उद्देश्य से प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं को उनके घर द्वार पर ही सुन रहा है। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार और वीरवार को मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां किसी भी विभाग से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निवारण किया जा रहा है।

**नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी**

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने युवाओं को नशे से दूर रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर प्रेरित करें। यदि किसी भी प्रकार की नशे से जुड़ी गतिविधि की जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**समग्र विकास के उद्देश्य से कार्य कर रहा प्रशासन**

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य केवल समस्याओं का समाधान करना ही नहीं, बल्कि गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## हमारी जनगणना-हमारा विकास, राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा है कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की प्रगति का आधार है। दुनिया के इस सबसे बड़े जनगणना अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए सरकार ने इस बार नागरिकों को सेल्फ एन्यूमरेशन यानी स्व गणना की सुविधा दी है, जिसके लिए आगामी 30 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल खुला रहेगा। कोई भी नागरिक पोर्टल एसई.सेंसस.जीओवी.आईएन पर स्व जनगणना कर सकता है। उपायुक्त ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित है। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत आंकड़ों की गोपनीयता की कानूनी गारंटी दी गई है। यह डेटा सुरक्षित सर्वर पर एनक्रिप्टेड रूप में संग्रहित किया जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस डेटा का उपयोग किसी भी प्रकार की जांच, टैक्स या पुलिस कार्रवाई के लिए नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में केवल संकलित आंकड़े ही प्रकाशित किए जाते हैं और किसी व्यक्ति का नाम या पता किसी को नहीं दिया जाता। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत फिलहाल मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजनाः तश्री हजूर साहिब नांदेड़ की निःशुल्क यात्रा के लिए वरिष्ठ नागरिक 30 अप्रैल तक करें पोर्टल पर पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे।

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 30 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं । साथ ही उन्हें डीपीआरओ कार्यालय में दस्तावेजों सहित सूचना देनी होगी।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक को एक सहायक को पूर्ण भुगतान पर साथ ले जाने की अनुमति है। वहीं 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग या 1.80 लाख से अधिक आय वाले लोग इस योजना का लाभ पूर्ण भुगतान पर उठा सकते हैं। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

**योजना का लाभ उठाने के लिए यह होगी पात्रता**

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र , शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। उन्होंने पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक का हरियाणा का निवासी होना और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा, शिक्षा, संस्कृति एवं आयुर्वेद विषय पर भिवानी में सेमिनार दो मई को

**भिवानी।** भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं आयुर्वेद जैसे बहुआयामी और समसामयिक विषय पर 2 मई को केसीएम आर्मी बीएड कॉलेज एवं सरस्वती साहित्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन जाएगा। सेमिनार हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश के विद्वान, शोधार्थी एवं प्राध्यापक सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों 'साहित्य, शिक्षा, संस्कृति और आयुर्वेद' के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य में उनके पुनर्पाठ को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्राचीन ज्ञान और आधुनिक शोध के समन्वय पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान प्रणाली की उपयोगिता और प्रासंगिकता से अवगत कराया जा सके। सेमिनार की अध्यक्षता डॉ. अमन मलिक करेंगे।

## पूर्वांचल सेवा समिति ने मनाया शैक्षिक उत्सव

■ प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



शिक्षा न केवल भविष्य का निर्माण करती है, बल्कि समाज को नई दिशा प्रदान करती है। इसी उद्देश्य के साथ पूर्वांचल सेवा समिति ने बैंक कॉलोनी में राम चौक के समीप स्थित अंबेडकर भवन में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से नौवीं तक के 35 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिन्होंने अपनी वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम में वार्ड नंबर-9 के पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण शर्मा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के प्रतिभावान बच्चे ही कल के विकसित भारत की नींव हैं, जब हम किसी बच्चे की मेहनत को मंच पर सम्मानित करते हैं, तो ये केवल एक पुरस्कार नहीं होता, बल्कि उनके सपनों को दी गई नई उड़ान होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्वांचल सेवा समिति के प्रधान सरबजीत ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समिति का लक्ष्य केवल सामाजिक आयोजन करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

## नगर पालिका टीम ने वार्ड तीन की गली से हटाया अतिक्रमण



**लोहारू।** शहर के वार्ड नंबर तीन में वाल्मीकि चौक के दोनों गली में नगर पालिका सचिव तेजपाल सिंह के नेतृत्व में नपा टीम ने अतिक्रमण हटाया। सचिव तेजपाल ने कहा कि गलियों और बाजारों में किसी प्रकार का अतिक्रमण सहन नही किया जाएगा। लोगों को चाहिए कि वे दुकानों व घरों के बाहर अतिक्रमण करके रास्तों को बाधित न करें। नगर पालिका सचिव तेजपाल सिंह, बीआई राकेश कुमार, जेई कृष्ण सैनी की मौजूदगी में नगर पालिका कर्मचारियों की टीम मस्जिद रोड पर वाल्मीकि चौक से गुजरने वाली गली का अतिक्रमण हटाने पहुंच गई। इस दौरान काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। गुस्साए लोगों ने कहा कि पूरे शहर के वार्डों से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। वहीं नपा सचिव ने कहा कि अतिक्रमण करके गली या रास्ते को रोकना उचित नही है, घरों और दुकानों के बाहर किसी तरह का अतिक्रमण सहन नही किया जाएगा। वाल्मीकि चौक के दोनों ओर गली से जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया है। इस मौके पर पार्षद अजय शर्मा, राजेश सैनी, प्रदीप सैनी सहित वार्ड के अनेक लोग मौजूद थे।

## अध्यापक संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

■ सरकार की जिद से चरमराएगी शिक्षा व्यवस्था, हजारों शिक्षकों की नौकरी पर खड़ा होगा संकट :

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने पुरानी नियुक्ति वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से पूर्ण छूट दिलाने के लिए अपना संघर्ष तेज कर दिया है। प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मंगलवार को संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व भिवानी से विधायक घनश्यामदास सर्राफ को भिवानी में उनके निवास पर जाकर मांगपत्र सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। मंत्री श्रुति चौधरी की तरफ से उनके पीए रोशनलाल शर्मा व विधायक के प्रतिनिधि आनंद सिंह तंवर ने ज्ञापन लिया। इस दौरान अध्यापक संघ के जिला सचिव सुमेर आर्य, राज्य सचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अनुप सिवाच, संजय गौरीपुर, लाजपत जाखड़, उपप्रधान सुनीता सिंह, साधुराम, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार व धर्मेंद्र ने प्रदर्शन को संबोधित किया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**नुकसान** सैंकड़ो एकड़ में गेहूं के अवशेष जले

## खेतों में फुटती रही आग की चिंगारी भागदौड़ करता रहा दमकल दस्ता

**तेज हवा ने आग को दी गति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। बलियाली के खेतों में लगी आग का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

देर शाम जैसे ही अंधड़ ने गति पकड़ी तो जगह जगह से आग की लपट उठने की खबर सोशल मीडियां पर तैरने लगी। एक बार चिंगारी उठने की वजह से कई एकड़ में पड़े गेहूं के अवशेषों को भस्म कर रही थी। सबसे विकट परिस्थिति गांव बलियाली की बनी। यहां पर करीब 40 एकड़ में पड़े गेहूं के अवशेष पूरी तरह से राख में तब्दील हो गए। गनीमत यह रही कि यहां पर अंधड़ में फायर बिग्रेड के साथ गांव के करीब डेढ सौ युवाओं ने मोर्चा सम्भाला तो घंटेभर में आग की लपटों को शांत किया। अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक गांव से दूसरे गांव के खेतों में गेहूं के अवशेष को राख में तब्दील कर दिया होता। दूसरी तरफ तेज हवा ने आग में घी डालने जैसा काम किया। तेज हवा की वजह से आग की लपटें ओर तेज होती गई। जगह जगह पर आगजनी की घटनाओं की सूचना के बाद फायर बिग्रेड का दस्ता भी कभी किसी तरफ तो कभी किसी तरफ भागता नजर आया। पूरी रात इसी तरह का नजारा बना रहा।

पौने आठ बजे के आसपास गांव बलियाली के खेतों में अचानक आग की चिंगारी उठी। देखते देखते ही आग ने कई एकड़ में पडे गेहूं के अवशेषों को अपने आगौश में ले लिया। उसके बाद मौके पर अनेक ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया,लेकिन बात नहीं बनी। उसके बाद फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना के बाद अग्निशमन का दस्ता मौके पर पहुंचा और आग को बुझाने में जुट गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान करीब 40 एकड़ भूमि में पड़े गेहूं के अवशेष पूरी तरह से जलकर राख हो गए।यहां यह बताते चले कि गांव बलियाली में रात को तीसरी बार आगजनी की घटना घटी है। अभी तक बलियाली गांव के खेतों से करीब दो सौ एकड़ में फसलों के अवशेष जल चुके है।

इसी तरह रात को करीब दो बजे के आसपास पुर-मुंढाल रोड पर खेतों में आग लगने की सूचना दमकल विभाग के पास पहुंची। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर खेतों में गेहूं के अवशेषों में लगी आग को बुझाया। यहां पर भी तेज हवा की वजह से आग लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही थी।

**प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी**

## नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों के परमिट किए जाए निरस्त : रोहताश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा में प्राइवेट बस संचालकों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाने और यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए भिवानी में एस.यू.सी.आई. (कम्युनिस्ट) जिला समिति ने इस संबंध में मंगलवार को सरकार के परिवहन मंत्री के नाम एक ज्ञापन आर.टी.ए. भिवानी को सौंपा है। ज्ञापन के अनुसार हरियाणा में प्राइवेट बस संचालक पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट और सरकार के उन आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं, जिनमें वरिष्ठ नागरिकों और छात्र-छात्राओं को किराए में रियायत देने का प्रावधान है। आरोप है कि रियायत देने के बजाय बस परिचालक और संचालक इन यात्रियों से न केवल पूरा किराया वसूल रहे हैं, बल्कि विरोध करने पर उनके साथ दुर्व्यवहार भी कर रहे हैं। आर.टी.ए. को ज्ञापन सौंपते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव रोहताश सैनी ने बताया कि बीते 28 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 9 बजे तोशाम बस स्टैंड पर एक बस में चढ़े वरिष्ठ नागरिकों और यात्रियों के साथ बदसलूकी की गई। उनका आरोप है कि बस स्टाफ ने उन्हें रियायती टिकट देने से मना कर दिया और पूरा किराया मांगते हुए बहस की। जब यात्री ने सरकारी नियमों का हवाला दिया तो उन्हें बस से नीचे उतारने की धमकी दी गई। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने इस मनमानी का कड़ा विरोध किया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि नियमों का उल्लंघन करने वाली संबंधित प्राइवेट बस का परमिट तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि